Class No : ………………….
Name : ………………………

SECOND YEAR HIGHER SECONDARY EXAMINATION

Part -II Time: 2 ½ Hrs
Cool-off time: 15 minutes

HINDI

Maximum: 80 score

सामान्य निर्देश:

- प्रश्न वाचन और चिंतन के लिए 15 मिनट का समय है।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें।
- स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें।
- सूचना के अनुसार वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर लिखें।

सूचना के अनुसार 1 से 5 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें। **[5x1= 5]**

1 सातवाँ विश्व हिंदी सम्मेलन कहाँ हुआ था?
[जापान , सुरीनाम, ब्रिटेन]
2 किसका अंतिम क्षण आ पहुंचा ?
[अनंग, दीदी , भटका हुआ पीर]
3 'सपने का भी हक नही '- किस विधा की रचना है?
[कहानी , कविता ,संस्मरण]
4 इष्टदेव का इष्ट नैवेद्य क्या है ?
[चमेली , गुलाब ,कुमुद फूल]
5 'मेरे भारतवासियों ' किसका भाषण है ?
[स्वामी विवेकानंद ,सुभाष चन्द्रबोस , नेहरू]

सूचना: निम्न लिखित कवितांश पढें और 6 से 8 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

पाकर तुझसे सभी सुखों को हमने भोगा ।
तेरा प्रत्युपकार कभी क्या हमसे होगा?
तेरी ही यह देह , तुझी से बनी हुई है।
बस तेरे ही सुरस सार से सनी हुई है।

6 यह देह किससे बनी हुई है ? **[1]**
7 ' तेरा प्रत्युपकार कभी क्या हमसे होगा' -कवि ऐसा क्यों कहते हैं? **[2]**
8 कवितांश की आस्वादन टिप्पणी तैयार करें। **[6]**

सूचना: 9 से 13 तक के प्रश्नों के किन्हीं 2 के उत्तर लिखें। **[2x2 = 4]**

9 बेटी का पत्र तीन दफ़ा सुनने के बाद भी , बादशाह को करार नहीं आया। क्यों?
10 पारामारिबो शहर सुरीनामी नहीं, एक भारतीय शहर जैसा लग रहा है। क्यों?
11 दीदी बहुत भावुक हो गई थी। कारण क्या है?
12 "हाय! मुरझा रहे दो सुरम्य सुकोमल रूप " _कौन कौन से हैं?
13 यात्री ने कब पहचान लिया कि कुली भी एक आदमी है?

सूचना: 14 से तक 17 तक के प्रश्नों से किन्हीं तीन के उत्तर लिखें। **[3x4= 12]**

14 हाइकू का भाव लिखें।

जिन्हें न होता
दर्द का अहसास
ऑसू ओस हैं।

15 ये दोस्ती ...
हम नहीं तोडेंगे
तोडेंगे दम अगर
तेरा साथ ना छोड़ेंगे।
दोस्ती पर टिप्पणी तैयार करें।

16 "दिल्लीवाले मुझको रोते होंगे। वे क्या यह नहीं जानते , कि मैं भी उनको रोता हूँ"।
इन वाक्यों केआधार पर बादशाह के चरित्र पर टिप्पणी तैयार करें।

17 जीवन - वृत्त पढें और अमृता प्रीतम के बारे में अनुच्छेद तैयार करें।

नाम :अमृता प्रीतम
जन्म : 1919
जन्म स्थान : गुजरांवाला , पंजाब
प्रमुख रचनाएं : कहानियों के आँगन में , कहानियाँ जो कहानियाँ नहीं हैं।
पुरस्कार : ज्ञानपीठ
मृत्यु : 2005

सूचना : गद्यांश पढ़ें ,18 और 19 प्रश्नों के उत्तर लिखें।

हमारी पीढ़ी के सबसे महान व्यक्ति की यही महत्वाकांक्षा रही है कि हर एक आँख से आँसू मिट जाएं। शायद ये हमारे लिए संभव न हो , पर जब तक लोगों की आँखों में आँसू हैं और वे पीड़ित हैं, तब तक हमारा काम खतम नहीं होगा। और इसलिए हमें परिश्रम करना होगा ताकि हम अपने सपनों को साकार कर सकें। वे सपने भारत के लिए हैं, पर साथ ही पूरे विश्व के लिए भी हैं।

18 सपनों को साकार करने के लिए हमें क्या करना है ? **[2]**

19 गद्यांश का संक्षेपण करें। **[6]**

सूचना : 20 से 23 तक के किन्हीं तीन के उत्तर लिखें । **[3 x 6 = 18]**

20 कृष्ण का सुन्दर चेहरा देखकर नंद और यशोदा बहुत खुश हो जाते हैं।
कृष्ण के सौन्दर्य के बारे में दोनों के बीच बातचीत होती है। वह वार्तालाप तैयार करें।

- यशोदा का अपने आप को भूल जाना।
- नंद को बुलाना।
- चेहरा और आँखें खुशी से भरना।

21 पति द्वारा उपेक्षित मुरकी राजवंती के घर पहुंचती है। उस दिन वह डायरी लिखती है।
वह डायरी तैयार करें।

- दूसरी स्त्री से प्यार होना ।
- सराय में छोड़ना ।
- राह का भाड़ा लेकर घर पहुँचना ।

22 आपके स्कूल में मार्च 22 को विश्व जल दिवस का आयोजन हो रहा है।
इसके लिए एक पोस्टर तैयार करें।

23 अंग्रेज़ी खंड का हिंदी में अनुवाद करें।
Indira Gandhi was the first female Prime Minister of India . she was the daughter of the first Prime Minister, Pandit Jawaharlal Nehru .she was born on 19th November 1917 in Allahabad. She was lovingly called Priyadarshini.

24 सही मिलान करें। **[8]**

Percent	-	शपथ – पत्र
Virus	-	भौतिकी
Affidavit	-	गुरुत्वाकर्षण
Physics	-	रक्त चाप
Satellite	-	प्रतिशत
Blood pressure	-	विषाणु
Gravitation	-	उपकर
Cess	-	उपग्रह

सूचना: 25 से 27 तक के प्रश्नों से किन्हीं दो के उत्तर लिखें। **[2x8= 16]**

25 'ज़मीन बिक्री के लिए '_ इसके लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार करें।

- यातायात की सुविधा
- शहर के निकट
- कम दाम

26 गरीब मज़दूरिन का सपना बैंक नोटीस के आने से टूट जाता है। वह बहुत निराश हो जाती है। वह इसके संबन्ध में अपनी सहेली के नाम पर पत्र लिखती है। वह पत्र तैयार करें।

- झोंपड़ी की जगह विस्तृत घर
- बैक नोटीस का आना
- सपना अधूरा

27 मित्र की प्रशंसा सुनकर अनंग जी बच जाते हैं। अपनी आत्मकथा में अनंग जी इसका ज़िक्र करते हैं।। वह आत्मकथांश तैयार करें।

- घंटे भर का मेहमान
- मित्र का आना
- अनंगजी का बच जाना।

....

GROUP 4

Qustion Paper Typed by Bindu K K (Hsst Hindi)

1 **BINDU K K (TEAM LEADER)**
HSST Hindi
GHSS Chelora
PEN No: 432700

2 **SHEEBA V P**
HSST Hindi
GHSS Paliikkunnu
PEN No: 433130

3 **SREESHA P**
HSST Hindi
Thajul Uloom HSS , Valapattanam
PEN No:

4 **FASILA E P**
HSST (Jr) Hindi
GHSS City Kannur
PEN No: 587889

5 **PRIYESH P V**
HSST Hindi
St Michael s AI HSS kannur
PEN No: